विकास आदि मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति का अनुसरण कर रहा विश्वः डॉ अमित

आंवला। डॉ. राममनोहर लोहिया राजकीय महाविद्यालय में एक भारत, श्रेष्ठ भारत (देखो अपना देश) के अन्तर्गत राष्ट्रीय बेविनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माता हैं। भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का पूरा विश्व अनुकरण कर रहा है। रविवार को लोहिया महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मो. असलम खान की अध्यक्षता में जूम एप पर राष्ट्रीय बेविनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डा. वंदना शर्मा, निदेशक, उच्च शिक्षा, प्रयागराज, मुख्य अतिथि डॉ. अमित भारद्वाज, संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा व विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश प्रकाश रहे। मुख्य अतिथि डॉ अमित भारद्वाज ने कहा गया कि शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माता हैं। नैनीताल के डॉ. हरीश चन्द्र जोशी, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. अनीता देवी, डॉ अर्चना पाण्डेय, डॉ. अतुल कुमार मलिक आदि रहे।